दिनांक : 28.04.2026 समय : 02.10pm

PM मोदी, सिक्किम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गंगटोक के पालजोर स्टेडियम में सिक्किम के 50वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए राज्य को "पूर्व का स्वर्ग" बताया। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर 4 हजार करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने सिक्किम में सड़क और बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने को सबसे पहली प्राथमिकता दी है। श्री मोदी ने जैविक खेती में सिक्किम की तारीफ करते हुए इसे पूरे देश के लिए एक मिसाल बताया और लोगों से 'वोकल फॉर लोकल' अपनाने की अपील की।

100 साल बाद लौटेगी जंगली भैंस

प्रदेश में करीब 100 साल से विलुप्त हो चुकी जंगली भैंस की वापसी हो गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज बालाघाट के कान्हा टाइगर रिजर्व के सूपखार क्षेत्र में असम के काजीरंगा से लाए गए 4 जंगली भैंसों को जंगल में छोड़ा। चीता पुनर्स्थापना की सफलता के बाद यह प्रदेश की जैव-विविधता को समृद्ध करने की एक और बड़ी पहल है, जिसका लक्ष्य आगे चलकर 50 भैंसों का 'फाउंडर पॉपुलेशन' तैयार करना है। इसके साथ ही एमपी और असम के बीच वन्यजीव आदान-प्रदान का नया अध्याय भी शुरू हो गया है। असम से दो जोड़े गैंडे भोपाल के वन विहार लाए जाएंगे और बदले में असम को 3 बाघ और 6 मगरमच्छ दिए जाएंगे

MP में UCC लागू करने की तैयारी

प्रदेश सरकार ने समान नागरिक संहिता यानी UCC को लागू करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए सुप्रीम कोर्ट की पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में 6 सदस्यीय उच्च-स्तरीय समिति बनाई है। वे उत्तराखंड के UCC ड्राफ्टिंग पैनल की भी अध्यक्षता कर चुकी हैं। यह समिति 60 दिनों के भीतर एक ड्राफ्ट बिल तैयार करेगी जो विवाह, तलाक, भरण-पोषण, उत्तराधिकार और गोद लेने जैसे निजी कानूनों की समीक्षा पर आधारित होगी।

MP के कॉलेजों में 1 मई से शुरू होंगे दाखिले

प्रदेश के सरकारी और प्राइवेट कॉलेजों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया 1 मई से 30 जून तक चलेगी। छात्र ePravesh ऐप या ऑनलाइन पोर्टल के जरिए घर बैठे रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। पहले चरण में छात्राओं से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा, जबकि NCTE और परंपरागत कोर्स के लिए रजिस्ट्रेशन फीस सिर्फ 100 रुपये रखी गई है। जो छात्र खुद रजिस्ट्रेशन नहीं कर पा रहे, उनके लिए सभी कॉलेजों में मुफ्त हेल्प सेंटर बनाए गए हैं।

पुन: परीक्षा

राज्य शिक्षा केंद्र ने सत्र 2025-26 में कक्षा 5वीं और 8वीं की मुख्य परीक्षा में फेल या अनुपस्थित रहे विद्यार्थियों के लिए 1 से 6 जून तक पुन: परीक्षा आयोजित करने का फैसला किया है। इसमें सरकारी, मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों और पंजीकृत मदरसों के बच्चे शामिल होंगे। भीषण गर्मी को देखते हुए परीक्षा केंद्रों पर पेयजल, ORS और स्वास्थ्य सुविधाएं अनिवार्य की गई हैं।

मशाल जुलूस

भोपाल में बीजेपी महिला मोर्चा आज शाम 5 बजे 'नारी शक्ति वंदन' अधिनियम के समर्थन में एक विशाल मशाल जुलूस निकालेगी। इस जुलूस में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मंत्री, सांसद और बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता शामिल होंगी। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे करेंगी।

मौसम का हाल

भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक अप्रैल से जून के बीच देश के कई हिस्सों में सामान्य से ज्यादा लू चलने की आशंका है. इसे देखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को समय रहते तैयारी करने के निर्देश दिए हैं। पूर्वी, मध्य और उत्तर-पश्चिम भारत के साथ ओडिशा, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश के तटीय इलाकों में हीटवेव का सबसे ज्यादा खतरा बताया गया है। वहीं उज्जैन, इंदौर और रतलाम में पारा 42 डिग्री के करीब पहुंच गया है। आज प्रदेश के ज्यादातर जिलों में लू चलने की संभावना है, हालांकि साइक्लोनिक सर्कुलेशन के चलते कुछ जिलों में आंधी-बारिश भी हो सकती है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :-

- आगरमालवा में पंख अभियान के तहत कल कलेक्टर ने स्वैच्छिक संगठनों से संवाद कर आवश्यक निर्देश दिएं
- जबलपुर में आगामी त्योहारों को देखते हुए धारा 163 के तहत बिना प्रशासनिक अनुमति सभी प्रकार के आयोजनों पर रोक रहेगीं
- शिवपुरी जिले की पोहरी जेल प्रांगण में कल बंदियों के लिये नशा मुक्ति शिविर का आयोजन किया गयां
- मन्दसौर कलेक्टर ने कल बैठक में गेहूं खरीदी और जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शिवना नदी में श्रमदान की तैयारियों की समीक्षा कीं
- आज मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोना 207 रुपए की गिरावट के साथ 1 लाख 51 हजार 514 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी 1,424 रुपए टूटकर 2 लाख 40 हजार 400 रुपए प्रति किलो पर आ गई।